सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

GOVERNMENT OF RAJASTHAN

Department of Information Technology & Communication

Ref. No.: F5 (938)/DoIT/Tech/2016/ 05822 **Date:** 22/12/2020

समस्त स्थानीय सेवा प्रदाता ,

ईमित्र परियोजना,

राजस्थान।

विषय :– किंयोस्कधारकों के कमीशन पर काटे जा रहे TDS के रिफंड के लिये ITR भरवाने बाबत।

ईमित्र परियोजना के तहत कार्य कर रहे सभी कियोस्को को विभाग द्वारा प्रत्येक माह कमीशन जारी किया जाता है, तथा नियमानुसार कमीशन पर TDS राशि भी काटी जाती है, यह कटी हुई राशि विभाग द्वारा आपको हस्तांतरित कर दी जाती है जिसे कि आपके द्वारा कियोस्क के PAN पर जमा कराया जाना होता है। कियोस्कधारक द्वारा इस कटी हुई राशि को पुनः प्राप्त करने के लिये वित्तिय वर्ष अनुसार अपनी ITR भरनी होती है।

प्रायः यह देखा जा रहा है कि कियोस्कधारको को इस कटी हुई राशि को प्राप्त करने के लिये पर्याप्त जानकारी का अभाव है, कियोस्कधारक अपनी ITR नही भरते है जिस कारण उनके कमीशन से प्राप्त आय का एक हिस्सा व्यर्थ चला जाता है।

ईमित्र परियोजना के तहत ITR भरने की सेवा उपलब्ध है। ईमित्र पोर्टल पर UTILITY -> WINIIN TAXSCOPE PVT LTD -> TAX2WIN Income Tax Return Form Filling सेवा द्वारा कियोस्क स्वयं तथा किसी भी आमजन की ITR भर सकता है।

WINIIN TAXSCOPE PVT LTD के प्रतिनिधि सभी ईमित्र कियोस्कधारको को उक्त सेवा के लिये प्रशिक्षण प्रदान करना चाहते है अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उक्त सेवा प्रदाता के प्रतिनिधियों द्वारा सम्पर्क करके आप अपने सभी कियोस्को को Income Tax Return Form Filling सेवा का प्रशिक्षण दिलवाये तथा कियोस्कधारक द्वारा स्वयं की ITR भरकर कटे हुये TDS का रिफंड प्राप्त करने की प्रक्रिया सम्पादित करवाये।

(आर.के.शर्मा)
अतिरिक्त निदेशक, प्रभारी ईमित्र परियोजना

Ref. No.: F5 (938)/DoIT/Tech/2016/ **Date:**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. रक्षित पत्रावली।

(आर.के.शर्मा)
अतिरिक्त निदेशक

IT Building, Yojana Bhawan Campus, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302005
Ph: 0141-2224855, Fax : 0141-2222011
Website: http://www.doitc.rajasthan.gov.in